# घरेलू स्तर पर मांग निकलने से चीनी वायदा में उछाल

**बिजनेस भास्कर** ◆ नई दिल्ली

हाजिर मंडियों में घरेलू बाजार से नई मांग निकलने की वजह से चीनी वायदा के भाव में तेजी दर्ज की गई। एनसीडीईएक्स में चीनी जनवरी वायदा 1.07 फीसदी बढ़कर 2,917 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। कर्वी कॉमट्रेड के विश्लेषक अरविंद प्रसाद का कहना है कि घरेलू बाजार में कन्फेक्शनरी इंडस्ट्री से नई मांग निकलने की वजह से चीनी वायदा में बढ़ोतरी दर्ज की गई। नया साल के अवसर पर मिठाई, केक और पेस्ट्री की मांग ज्यादा होने से चीनी की खपत बढ़ जाती है।


**गेहूं**

निर्यात बाजार से नई मांग निकलने की वजह से गेहूं वायदा में बढ़ोतरी दर्ज की गई। एनसीडीईएक्स में गेहूं जनवरी वायदा 2.7 फीसदी बढ़कर 1,222 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। जानकारों के अनुसार निर्यात बाजार से मांग निकलने से गेहूं वायदा में बढ़ोतरी दर्ज की गई। उत्तर प्रदेश में गेहूं की फसल खराब होने की आशंका से भी इसमें बढ़ोतरी को बल मिला है।

**सरसों**

एनसीडीईएक्स में सरसों जनवरी वायदा 1.72 फीसदी बढ़कर 3,603 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। बाजार के जानकारों का कहना है कि उत्पादन कम रहने से इसके भाव में बढ़ोतरी दर्ज की गई। पिछले साल उत्पादन 75 लाख बोरी हुआ था जबकि इस साल 60 लाख बोरी के आसपास रहा। हाजिर मंडियों में इसकी आवक कमजोर पड़ने से भी इसके वायदा में बढ़ोतरी को समर्थन मिला है।

**चीनी एम ग्रेड (एनसीडीईएक्स)**




**अल्यूमीनियम**

लंदन मेटल एक्सचेंज (एलएमई) में अल्यूमीनियम में गिरावट का असर एमसीएक्स पर भी देखने को मिला। एमसीएक्स में अल्यूमीनियम जनवरी वायदा 0.47 फीसदी गिरकर 106.25 रुपये प्रति किलो हो गया। शेअरखान कमोडिटी के विश्लेषक प्रवीण सिंह ने बताया कि अल्यूमीनियम में गिरावट की मुख्य वजह यूरोप में कर्ज संकट का बरकरार रहना है।

बिजनेस भास्कर
30/12/11